संख्या-93/2018/1250 /41-2018-81(बजट)/2017

प्रेषक,

अवनीश कुमार अवस्थी,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ दिनांक 29 मार्च, 2018**

विषयः- जनपद वाराणसी में सारनाथ के बुद्धा थीमपार्क में स्थित आडिटोरियम भवन के फर्नीचर, फर्निशिंग एवं साज-सज्जा के निर्माण कार्य में विशिष्टियों के प्रयोग के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश में स्थित जनपद वाराणसी में प्राचीन ऐतिहासिक स्थल 'सारनाथ' स्थित बुद्धा थीमपार्क आडिटोरियम को पर्यटकों के सुविधार्थ/जनोपयोगी एवं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त एवं उच्च स्तर का बनाये जाने हेतु चयनित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 द्वारा तैयार किये गये आगणन पर प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा आंकलित लागत रू0 585.16 लाख से प्रस्तावित परियोजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं:-

(1) वाराणसी में सारनाथ के बुद्धा थीमपार्क में स्थित आडिटोरियम के प्रस्तावित कार्य में फर्नीचर, फर्निशिंग एवं साज-सज्जा के निर्माण कार्य एक्वास्टिकल हार्डवुड पैनलिंग, वाल पैनलिंग, फाल्स सीलिंग, वुडेन फ्लोरिंग, कारपेट फ्लोंरिंग, फकेड लाइटिंग, ग्लास मोजैक म्यूरर्लस, ग्लास मोजैक पैनलिंग के विशिष्ट कार्य कराया जायेगा।

(2) वाराणसी में सारनाथ के बुद्धा थीमपार्क में स्थित आडिटोरियम के फर्नीचर, फर्निशिंग एवं साज-सज्जा के निर्माण का कार्य विशिष्ट प्रकृति के होने के कारण परियोजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के दृष्टिगत एक स्टीयरिंग कमेटी का गठन निम्नवत् किया जाता हैः-

1	मण्डलायुक्त, वाराणसी	अध्यक्ष
2	जिलाधिकारी, वाराणसी	सदस्य
3	अधीक्षण पुरातत्वविद्, (सारनाथ) वाराणसी	सदस्य
4	अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी	सदस्य
5	संयुक्त निदेशक पर्यटन, वाराणसी	संयोजक/ सचिव

कृपया उपर्युक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अवनीश कुमार अवस्थी)
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-93 /2018/1250(1)/41-2018-81(बजट)/2017 तद्दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
2- प्रमुख सचिव/सचिव, संस्कृति विभाग।
3- मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, वाराणसी।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लि0।
5- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
6- संयुक्त निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
7- संयुक्त निदेशक, पर्यटन, वाराणसी।
8- वेब अधिकारी।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बच्चू लाल)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।